Seventeenth Loksabha

an>

Need to expedite international airport construction in Bihta in Patna district, Bihar

श्री राम कृपाल यादव (पाटलिपुत्र): महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र पाटलीपुत्र अंतर्गत पटना जिला के बिहटा में अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट निर्माण की स्वीकृति भारत सरकार द्वारा काफी दिन पूर्व दी गयी है। बिहार सरकार ने जमीन का अधिग्रहण कर एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया को दे दिया है। अधिगृहीत जमीन की बाउंड्री भी हो चुकी है, लेकिन अभी तक निर्माण की प्रक्रिया शुरू नहीं हो पाई है। केन्द्र सरकार से स्वीकृत बिहटा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के पास से एनएच 30 पटना बक्सर सड़क गुजर रही है। उस पथ पर बिहटा से दानापुर तक एलिवेटेड सड़क का निर्माण कार्य की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। बिहटा-सरमेरा पथ जो 6 लेन पटना रिंग रोड का हिस्सा भी है, उसका निर्माण काफी तेजी से हो रहा है। बिहटा में IIIT, नाइलेट, ESIC मेडिकल कॉलेज और अस्पताल, प्राइवेट मेडिकल कॉलेज और अस्पताल, NIT, फुटवेयर डिजाइनिंग इंस्टीट्यूट, ड्राई पोर्ट एवं कई औद्योगिक पार्क सहित कई अन्य सरकारी और गैर सरकारी शिक्षण संस्थान कार्यरत हैं या निर्माणाधीन हैं। राजधानी पटना का तेजी से विस्तार दानापुर से बिहटा एवं उसके आसपास के क्षेत्रों में हो रहा है। उसके अलावा एन एच 30 पटना बक्सर, बिहटा सरमेरा, रामनगर कन्हौली 6लेन सड़क, शेरपुर में प्रस्तावित गंगा नदी पर पुल के निर्माण से बिहटा एयरपोर्ट से आरा, बक्सर, सारण, सिवान, गोपालगंज, अरवल, जहानाबाद, औरंगाबाद, रोहतास, नालंदा सहित अन्य जिलों को एयरपोर्ट की सरल, सुगम और तेज संपर्कता प्राप्त होगी। उपरोक्त वर्णित बातों से स्वतः स्पष्ट है कि एक अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के निर्माण की सभी वांछित अहर्ताएं बिहटा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पूरा कर रहा है, फिर भी निर्माण कार्य शुरू होने में बिलंब समझ से परे है। अतः सदन के माध्याम से माननीय मंत्री जी से विनम्र अनुरोध है कि बिहटा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के निर्माण की प्रक्रिया जल्द शुरू करने हेतु द्रुत कार्रवाई की जाए।

HON. CHAIRPERSON: Shri Jagdambika Pal

… (Interruptions)

Shri Chunnilal Sahu